प्रेस नोट दिनांक 11-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना सिद्धार्थनगर व मिश्रौलिया पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर सुनी गयी जनता की फरियाद।

जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनन्द द्वारा आज दिनांक 11-03-2023 को थाना सिद्धार्थनगर व थाना मिश्रौलिया पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना मिश्रौलिया का निरीक्षण कर संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा समाधान दिवस के दौरान अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहें।

प्रेस नोट दिनांक 11-03-2023

महिला थाना पर परिवार परामर्श केंद्र/नई-किरण का आयोजन कर जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा 01 परिवार को बिखरने से बचाया गया।

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर आज दिनांक 11-03-2023 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 03 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई जिसमें परामर्श के बाद 01 पत्रावली का सफल निस्तारण कर परिवार को बिखरने से बचाया गया तथा शेष 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है, 01 परिवार को बिखरने से बचाने मे महिला थानाध्यक्ष मीरा चौहान म0हे0का0 सविता सिंह व म0 आ0 प्रियम्बदा सिंह म0आ0 नेहा सिंह महत्वपूर्ण योगदान रहा।-

निस्तारित पत्रावली का विवरण

1. रीमा पत्नी दिनेश साकिन गोनहा, थाना ढेबरूआ ,जनपद सिद्धार्थनगर।(आवेदिका को सास के साथ ससुराल भेजा गया)

<u>प्रेस नोट दिनांक 11-03-2023 थाना समाधान दिवस जनपद सिद्धार्थनगर</u>

जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन कर फरियादियों की शिकायतों की सुनवाई कर निस्तारण किया गया।

अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 11-03-2023 को जनपद के समस्त थानों पर "थाना समाधान दिवस" का आयोजन किया गया, जिसके क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण किया गया। भूमि विवाद से सम्बंधित प्रकरण को हल्का लेखपाल से समन्वय स्थापित कर निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

<u>प्रेस-नोट दिनांक 11.03.2023 जनपद सिद्धार्थनगर</u>

जनपद सिद्धार्थनगर में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर नव युवकों, महिलाओं और लड़कियों को महिला सुरक्षा व मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी दी गई तथा मनचलों एवं शोहदों पर कार्यवाही हेतु चेकिंग की गयी।

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 11.03.2023 को शक्ति मोबाइल/प्रभारी एण्टी रोमियो महिला उ0नि0 पूनम मौर्या द्वारा एण्टी रोमियो कार्यवाही के अन्तर्गत थाना सिद्धार्थ नगर, बासी, जोगिया उदयपुर के बासी बस स्टैंड, कस्बा बासी, कस्बा जोगिया, उद्यान पार्क, स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थानाक्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों, रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की गयी।

एण्टी रोमियों टीम का विवरण-

01- महिला उ0नि0 पूनम मौर्या प्रभारी एण्टी रोमियो जनपद सिद्धार्थनगर।
02- आरक्षी राकेश यादव एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।
03- महिला आरक्षी रीनू एण्टी रोमियो टीम जानपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोटःदिनांक 11.03.2023 यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर

आज दिनांक 11.03.2023 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनन्द, के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यातायात गर्वित सिंह के कुशल निर्देशन में प्रभारी यातायात अमरेश कुमार द्वारा जोगिया कस्बा ,बांसी कस्बा, पथरा बाजार ,उसका बाजार,सनई चौराहा व साड़ी तिराहा, आदि स्थानों पर पी0ए0 सिस्टम के माध्यम से आम जनमानस को यातायत नियमों के प्रति जागरूक किया गया एवम सड़को पर अवैध रूप से खडे वाहनों को हटवाया गया तथा यातायात नियम का पालन न करने वाले 52 वाहनों से 55500/-रू0 शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा आम जनमानस को हेलमेट व सीट बेल्ट धारण करने के पश्चात् ही वाहन चलाने और प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भारी कमी लायी जा सके।